राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर

क्रमांकः– प.56 / मुसप्र / प्रशा. शहरों / अभि. / 2012 / 984 दिनांकः– 16-11-12

उप आवासन आयुक्त,
वृत...................,
राजस्थान आवासन मण्डल,
.... ।

विषयः–"प्रशासन शहरों के संग अभियान–2012" के अन्तर्गत निस्तारित किये जाने वाले लम्बित प्रकरणों की सूची बाबत्।

उपरोक्त विषय में लेख है कि राज्य के नगरीय क्षेत्रों की विभिन्न समस्याओं के त्वरित गति से समाधान एवं निस्तारण करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा दिनांक 21.11.2012 से प्रारम्भ किये जा रहे प्रशासन शहरों के संग अभियान–2012 के निर्देशों की पालना में आवासन मण्डल द्वारा भी राज्य के विभिन्न शहरों में विकसित की गई आवासीय योजनाओं के आवंटियों / आवेदकों एवं आम जन की समस्याओं हेतु उक्त अभियान में सम्मिलित होकर समस्याओं का निराकरण किया जाना है।

इस संबंध में इस कार्यालय के पत्र दिनांक 15.10.2012 के द्वारा निर्धारित प्रपत्र में सूचना भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया था, किन्तु खेद का विषय है कि वांछित सूचना अभी तक भी अपेक्षित है। आवासन आयुक्त महोदय ने इसे अत्यन्त गम्भीरता से लिया है।

सभी को निर्देशित किया जाता है कि अभियान से संबंधित समस्त सूचनाओं सहित दिनांक 19.11.2012 को प्रातः 11 बजे आयोजित होने वाली साप्ताहिक बैठक में उपस्थित हों ।

मुख्य सम्पदा प्रबन्धक

प्रतिलिपि :–

1. मुख्य अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर।
2. अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता, प्रथम / द्वितीय / तृतीय,राज.आवा.मण्डल,जयपुर।
3. सहायक कम्पयूटर प्रोग्रामर, राजस्थान आवासन मण्डल जयपुर को मण्डल की बैवसाईड पर डालने हेतु प्रेषित है।

मुख्य सम्पदा प्रबन्धक